# मॉडल पेपर – 4

## खण्ड-अ : वस्तुनिष्ठ प्रश्न

इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं आपदा प्रबंधन

निर्देश : प्रश्न संख्या 1 से 80 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। किन्हीं 40 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। 40 × 1 = 40

1. प्रथम विश्वयुद्ध कब आरंभ हुआ ?
(a) 1941 ई (b) 1952 ई
(c) 1950 ई (d) 1914 ई

2. प्रथम विश्वयुद्ध में किसकी हार हुई ?
(a) अमेरिका की (b) जर्मनी की
(c) रूस की (d) इंगलैंड की

3. हिटलर का जन्म कहाँ हुआ था ?
(a) जर्मनी (b) इटली
(c) जापान (d) आस्ट्रिया

4. भारतीय वन अधिनियम कब पारित हुआ ?
(a) 1864 (b) 1865 (c) 1885 (d) 1874

5. तिलका मांझी का जन्म किस ई. में हुआ था ?
(a) 1750 (b) 1774 (c) 1785 (d) 1850

6. 'गार्डन सीटी' की अवधारणा किसने विकसित की थी ?
(a) एबेनेजर हावर्ड (b) विलियम
(c) नेपोलियन III (d) हॉसमान

7. 'गिरमिटिया' किसे कहा जाता है ?
(a) अनुबंधित मजदूर को (b) रोगियों को
(c) छिपकली को (d) अंग्रेजों को

8. हिन्द-चीन पहुँचने वाले प्रथम व्यापारी कौन थे ?
(a) अंगरेज (b) फ्रांसीसी (c) पुर्तगाली (d) डच

9. अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी ?
(a) 1848 (b) 1858 (c) 1885 (d) 1920

10. बैस्टिल का पतन कब हुआ ?
(a) 5 मई, 1789 (b) 20 जून, 1789
(c) 14 जुलाई, 1789 (d) 27 अगस्त, 1789

11. निम्न में से कौन उपभोक्ता उद्योग है ?
(a) चीनी (b) सीमेन्ट
(c) अबरक (d) लोहा-इस्पात

12. बिहार के कितने भौगोलिक क्षेत्र पर वन का फैलाव है ?
(a) 15% (b) 20% (c) 30% (d) 7%

13. सोपानी कृषि किस राज्य में प्रचलित है ?
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) बिहार का मैदानी क्षेत्र (d) उत्तराखंड

14. देश के बांधों को किसने 'भारत का मंदिर' कहा था ?
(a) महात्मा गाँधी (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(c) पंडित नेहरू (d) स्वामी विवेकानन्द

15. मरुस्थलीय मृदा किस राज्य में पाया जाता है ?
(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान
(c) कर्नाटक (d) महाराष्ट्र

16. फसल के बोने, बढ़ने और पकने के लिए उपयुक्त मौसम वाला समय कहलाता है ?
(a) वर्धन काल (b) हरित क्रांति
(c) रोपण कृषि (d) कृषि

17. बिहार में कितने प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में वन का फैलाव है ?
(a) 07 (b) 14 (c) 21 (d) 28

18. यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक स्थल है–
(a) डिगबोई (b) बाबा बूदन
(c) जादूगोड़ा (d) घाटशीला

19. बिहार में रज्जुमार्ग कहाँ है ?
(a) पटना (b) बिहार
(c) राजगीर (d) बांका

20. निम्नांकित में कौन उद्योग कृषि पर आधारित नहीं है ?
(a) सूतीवस्त्र उद्योग (b) सीमेंट उद्योग
(c) चीनी उद्योग (d) जूट उद्योग

21. निम्न में किसे विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है ?
(a) बिहार (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) जम्मू-कश्मीर (d) गुजरात

22. बिहार में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित हैं ?
(a) 50% (b) 25% (c) 33% (d) 30%

23. बिहार में सम्पूर्ण क्रांति का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसने किया ?
(a) मोरारजी देसाई (b) नीतीश कुमार
(c) इन्दिरा गाँधी (d) जयप्रकाश नारायण

24. भारत में किस तरह के लोकतंत्र की व्यवस्था की गई है ?
(a) प्रत्यक्ष (b) अप्रत्यक्ष
(c) प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

25. गठबंधन सरकार की पकड़ प्रशासन पर होती है :
(a) मजबूत (b) ढीली
(c) सामान्य (d) कठोर

26. लोकसभा में निर्वाचित हेतु कुल सीटों की संख्या है–
(a) 542 (b) 544 (c) 543 (d) 545

27. संघ सरकार का उदाहरण है–
(a) अमेरिका (b) ब्रिटेन (c) चीन (d) नेपाल

28. यूनाईटेड जनता पार्टी का गठन कब हुआ ?
(a) 1992 में (b) 1999 में (c) 2000 में (d) 2004 में

29. भारत में औरतों के लिए आरक्षण की व्यवस्था किस संस्था में है ?
(a) लोक सभा (b) विधान सभा
(c) पंचायती राज (d) राज्य सभा

30. वैश्वीकरण के मुख्य अंग कितने हैं ?
(a) एक (b) दो (c) तीन (d) पाँच

31. उपभोक्ता अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?
(a) 17 मार्च (b) 15 मार्च
(c) 19 अप्रैल (d) 22 अप्रैल

32. कौन बीमारू (sick) राज्य नहीं है ?
(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) कर्नाटक (d) उड़ीसा

33. भारत की वित्तीय राजधानी किस शहर को कहा गया है ?
(a) दिल्ली (b) मुम्बई (c) पटना (d) बंगलौर

**34. बिहार एक राज्य है ?**
(a) उद्योग प्रधान (b) पशुपालन प्रधान
(c) खनिज प्रधान (d) कृषि प्रधान

**35. सूचना का अधिकार किस प्रकार का अधिकार है ?**
(a) वैधानिक (b) गैर-कानूनी
(c) धार्मिक (d) परम्परागत

**36. भारत में योजना आयोग का गठन किया गया था–**
(a) 15 मार्च, 1950 को (b) 15 सितम्बर, 1950 को
(c) 15 अक्टूबर, 1951 को (d) इनमें से कोई नहीं

**37. व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया–**
(a) 1966 में (b) 1969 में
(c) 1975 में (d) 1980 में

**38. भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना कब हुई ?**
(a) 1934 (b) 1935 (c) 1948 (d) 1951

**39. सुनामीटर द्वारा समुद्र तल में क्या नापते हैं ?**
(a) बाढ़ (b) सूखा (c) चक्रवात (d) सुनामी

**40. निम्नलिखित में कौन प्राकृतिक आपदा है ?**
(a) आग लगना (b) बम विस्फोट
(c) भूकंप (d) रासायनिक दुर्घटनाएँ

**41. गुटेनबर्ग का जन्म हुआ था–**
(a) अमेरिका में (b) जर्मनी में
(c) जापान में (d) इंगलैण्ड में

**42. साम्प्रदायिक राजनीतिक आधारित होती है–**
(a) धर्म पर (b) जाति पर
(c) क्षेत्र पर (d) इनमें से कोई नहीं

**43. निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सी कृषि पर आधारित नहीं है ?**
(a) सूती वस्त्र (b) सीमेंट (c) चीनी (d) जूट वस्त्र

**44. 'वार एंड पीस' किसकी रचना है ?**
(a) कार्ल मार्क्स (b) लियो टॉलस्टॉय
(c) दोस्तोयेव्स्की (d) ऐंजल्स

**45. चावल है–**
(a) खरीफ फसल (b) रबी फसल
(c) जायद फ़सल (d) इनमें से कोई नहीं

**46. नई आर्थिक नीति में किसे सम्मिलित नहीं किया गया है ?**
(a) नियंत्रित अर्थव्यवस्था (b) उदारीकरण
(c) वैश्वीकरण (d) इनमें से कोई नहीं

**47. सौर ऊर्जा निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन है ?**
(a) मानवकृत (b) नवीकरणीय
(c) अजैव (d) अनवीकरणीय

**48. W.T.O. ( विश्व व्यापार संगठन ) की स्थापना किस वर्ष की गई ?**
(a) 1995 (b) 1994 (c) 1996 (d) इनमें से कोई नहीं

**49. भारत में वित्तीय वर्ष होता है–**
(a) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक (b) 1 जुलाई से 30 जून तक
(c) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक (d) इनमें से कोई नहीं

**50. बृहद क्षेत्र में जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी को कहते हैं ?**
(a) उजला ग्रह (b) नीला ग्रह
(c) लाल ग्रह (d) हरा ग्रह

**51. 'सूचना का अधिकार अनिधिगम' कानून कब लागू हुआ ?**
(a) 2004 (b) 2005 (c) 2006 (d) 2007

**52. वर्तमान में नेपाल की शासन-प्रणाली क्या है ?**
(a) लोकतंत्र (b) राजतंत्र
(c) सैनिकतंत्र (d) इनमें से कोई नहीं

**53. राजनीतिक दलों की मान्यता और उसका चिन्ह किसके द्वारा प्रदान किया जाता है ?**
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) निर्वाचन आयोग (d) इनमें से कोई नहीं

**54. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में देश के सभी नागरिकों को कौन-सा मूल अधिकार दिया गया है ?**
(a) स्वतंत्रता का अधिकार (b) समानता का अधिकार
(c) संवैधानिक उपचार का अधिकार
(d) इनमें से कोई नहीं

**55. टीपू सुल्तान शासक थे–**
(a) मैसूर (b) शिमला
(c) कश्मीर (d) इनमें से कोई नहीं

**56. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब हुआ ?**
(a) 13 अप्रैल, 1919 (b) 14 अप्रैल, 1919
(c) 15 अप्रैल, 1919 (d) 16 अप्रैल, 1919

**57. निम्नलिखित नदियों में से किसे बिहार का 'शोक' कहा जाता है–**
(a) गंगा (b) गंडक (c) कोसी (d) पुनपुन

**58. सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गोबिन्द सिंह का जन्म बिहार के किस नगर में हुआ था ?**
(a) मुंगेर (b) खगड़िया (c) पटना (d) इनमें से कोई नहीं

**59. अंगकोरवाट के मंदिर का निर्माण किस शासक के द्वारा करवाया गया ?**
(a) सूर्यवर्मन द्वितीय (II) (b) नीरोदोम सिंहानॉक
(c) कुआंम (d) इनमें से कोई नहीं

**60. पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम किस राज्य में लागू किया गया ?**
(a) राजस्थान (b) बिहार
(c) उत्तराखंड (d) मध्यप्रदेश

**61. योजना आयोग को भंग कर कौन-सा आयोग बना ?**
(a) नीति आयोग (b) वित्त आयोग
(c) राज्य वित्त आयोग (d) इनमें से कोई नहीं

**62. निम्न में से कौन बीमारू (BIMARU) राज्य है ?**
(a) बिहार (b) मध्य प्रदेश
(c) ओडिशा (d) इनमें से सभी

**63. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कब हुई ?**
(a) 1979 (b) 1980
(c) 1981 (d) इनमें से कोई नहीं

**64. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?**
(a) 7 मार्च (b) 8 मार्च (c) 9 मार्च (d) 10 मार्च

**65. यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक केन्द्र है–**
(a) डिगबोई (b) झरिया
(c) घाटशिला (d) जादूगोड़ा

**66. सुनामी कहाँ आती हैं ?**
(a) स्थल (b) समुद्र
(c) आसमान (d) इनमें से कोई नहीं

67. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है–
(a) नागरिकों की उदासीनता पर
(b) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर
(c) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर
(d) इनमें से कोई नहीं

68. किसने कहा, "बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है।" ?
(a) डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम (b) नरेन्द्र मोदी
(c) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (d) इनमें से कोई नहीं

69. बोलीविया में जनसंघर्ष का मुख्य कारण था–
(a) पानी की कीमत में वृद्धि (b) खाद्यान्न की कीमत में वृद्धि
(c) पेट्रोल की कीमत में वृद्धि (d) इनमें से कोई नहीं

70. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है–
(a) कबूतर (b) हंस
(c) मोर (d) तोता

71. संजय गाँधी जैविक उद्यान किस नगर में स्थित है ?
(a) राजगीर (b) बोधगया
(c) बिहारशरीफ (d) पटना

72. 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसने दिया था ?
(a) राम कृष्ण परमहंस (b) स्वामी विवेकानन्द
(c) स्वामी दयानन्द सरस्वती (d) इनमें से कोई नहीं

73. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की गई–
(a) 1854 में (b) 1907 में
(c) 1915 में (d) 1923 में

74. किसने कहा–"संसाधन होते नहीं, बनते हैं।" ?
(a) जिम्मरमैन (b) महात्मा गांधी
(c) संदीप पांडेय (d) इनमें से कोई नहीं

75. इनमें से कौन-सा संस्थागत वित्त का साधन है ?
(a) सेठ-साहूकार (b) रिश्तेदार
(c) व्यावसायिक बैंक (d) इनमें से कोई नहीं

76. राष्ट्रीय विकास परिषद् का गठन कब हुआ था–
(a) 1950 (b) 1951
(c) 1952 (d) इनमें से कोई नहीं

77. सविनय अवज्ञा आंदोलन किस यात्रा से शुरू हुआ ?
(a) 1920, भुज (b) 1930, अहमदाबाद
(c) 1930, दांडी (d) इनमें से कोई नहीं

78. निम्न में से किसको प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है ?
(a) सेवा क्षेत्र (b) कृषि क्षेत्र
(c) औद्योगिक क्षेत्र (d) इनमें से कोई नहीं

79. प्राथमिक ऊर्जा का उदाहरण कौन-सा नहीं है ?
(a) कोयला (b) विद्युत
(c) पेट्रोलियम (d) प्राकृतिक गैस

80. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है–
(a) सार्वजनिक टेलीफोन (b) मोबाईल
(c) रेडियो (d) इनमें से कोई नहीं

## उत्तर (Answers)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 2. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 3. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 4. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 5. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 6. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 7. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 8. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 9. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 10. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 11. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 12. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 13. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 14. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 15. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 16. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 17. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 18. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 19. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 20. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 21. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 22. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 23. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 24. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 25. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 26. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 27. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 28. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 29. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 30. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 31. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 32. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 33. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 34. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 35. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 36. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 37. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 38. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 39. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 40. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 41. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 42. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 43. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 44. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 45. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 46. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 47. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 48. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 49. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 50. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 51. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 52. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 53. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 54. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 55. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 56. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 57. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 58. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 59. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 60. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 61. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 62. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● |
| 63. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 64. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 65. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 66. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 67. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 68. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 69. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ | 70. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 71. | ⓐ | ⓑ | ⓒ | ● | 72. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 73. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 74. | ● | ⓑ | ⓒ | ⓓ |
| 75. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 76. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |
| 77. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ | 78. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ |
| 79. | ⓐ | ● | ⓒ | ⓓ | 80. | ⓐ | ⓑ | ● | ⓓ |

BIHAR SCHOOL EXAMINATION BOARD PATNA

## खण्ड-ब : विषयनिष्ठ प्रश्न

### इतिहास

**प्रश्न संख्या 1 से 6 तक लघु उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 03 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $3 \times 2 = 6$**

**प्रश्न 1. 'रूस की क्रान्ति ने पूरे विश्व को प्रभावित किया।' किन्हीं दो उदाहरणों द्वारा स्पष्ट करें।**

**उत्तर**–(i) इस क्रांति के पश्चात् अथवा सर्वहारा वर्ग की सत्ता रूस में स्थापित हो गई तथा इससे अन्य क्षेत्रों में भी आन्दोलन को प्रोत्साहन मिला।

(ii) रूसी क्रांति के बाद विश्व विचारधारा के स्तर दो खेमों में विभाजित हो गया–साम्यवादी विश्व एवं पूँजीवादी विश्व। इसके पश्चात् यूरोप भी दो भागों में विभाजित हो गया–पूर्वी यूरोप और पश्चिमी यूरोप।

**प्रश्न 2. हो-ची-मिन्ह का संक्षिप्त परिचय दें।**

**उत्तर**–1917 ई० में हो-ची-मिन्ह एक वियतनामी छात्र ने पेरिस में साम्यवादियों का एक गुट बनाया। बाद में हो-ची-मिन्ह शिक्षा प्राप्त करने मास्को गया और साम्यवाद से प्रेरित होकर 1925 ई० में 'वियतनामी क्रांति दल' का गठन किया। अन्ततः 1930 ई० में वियतनाम के बिखरे राष्ट्रवादी गुटों को एकजुट कर वियतनाम कांग सांग देंग अर्थात् वियतनाम कम्युनिष्ट पार्टी की स्थापना की जो पूर्णतः उग्र विचारों पर चलनेवाली पार्टी थी। 1954 ई० में जेनेवा समझौता के तहत वियतनाम को दो भागों में बाँट दिया गया। उत्तरी वियतनाम में हो-ची मिन्ह की सरकार बनी।

**प्रश्न 3. ग्रामीण तथा नगरीय जीवन के बीच किन्हीं दो भिन्नताओं का उल्लेख करें।**

**उत्तर**–समाज का वर्गीकरण ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भिन्नता के आधार पर किया जाता है। गाँव की आबादी कम होती है, नगर की ज्यादा। गाँव में खेती और पशुपालन मुख्य आजीविका है, शहर में व्यापार और उत्पादन गाँव में प्राकृतिक वातावरण स्वच्छ है, शहर में प्रदूषित। शिक्षा, यातायात, स्वास्थ्य सुविधाएँ आदि नगर में अधिक उन्नत अवस्था में होती हैं।

**प्रश्न 4. इटली के एकीकरण में मेजिनी का क्या योगदान था ?**

**उत्तर**–मेजनी साहित्यकार, गणतांत्रिक विचारों का समर्थक और योग्य सेनापति था। मेजनी सम्पूर्ण इटली का एकीकरण कर उसे एक गणराज्य बनाना चाहता था जबकिं सार्डिनिया पिंडमोंट का शासक चार्ल्स एलबर्ट अपने नेतृत्व में सभी प्रांतों का विलय चाहता था। उधर पोप भी इटली को धर्मराज्य बनाने का पक्षधर था। इस तरह विचारों के टकराव के कारण इटली के एकीकरण का मार्ग अवरुद्ध हो गया था। कालांतर में आस्ट्रिया द्वारा इटली के कुछ भागों पर आक्रमण किए जाने लगे जिसमें सार्डिनिया के शासक चार्ल्स एलबर्ट की पराजय हो गयी। आस्ट्रिया के हस्तक्षेप से इटली में जनवादी आंदोलन को कुचल दिया गया। इस प्रकार मेजनी की पुनः हार हुई और वह पलायन कर गया।

**प्रश्न 5. 1929 ई0 के आर्थिक संकट के किन्हीं तीन कारणों का संक्षिप्त विवरण दें।**

**उत्तर**–1929 ई० के आर्थिक संकट का बुनियादी कारण स्वयं इस अर्थव्यवस्था के स्वरूप में समाहित था। प्रथम विश्वयुद्ध के चार वर्षों में यूरोप को छोड़कर बाजार आधारित अर्थव्यवस्था का विस्तार होता चला गया उसके मुनाफे बढ़ते चले गये। दूसरी ओर अधिकांश लोग गरीबी और अभाव में पिसते रहे। नवीन तकनीकी प्रगति और मुनाफे के उत्पादन में काफी वृद्धि कर दी किन्तु अतिरिक्त उत्पादन के खरीददार बाजार में नहीं थे। कृषि में भी अति उत्पादन की समस्या बनी हुई थी। अति उत्पादन के कारण कीमतें काफी गिर गईं जिससे किसानों की आय घट गई। अतः इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने उत्पादन को और बढ़ाया ताकि कम कीमत पर ज्यादा माल बेचकर अपना आय स्तर बनाये रख सके। इससे कीमतें और नीची चली गई जिसने आर्थिक संकट को जन्म दिया। अमेरिका द्वारा यूरोपीय देशों को दिए गए ऋण की वापसी की मांग आर्थिक संकट को और गहरा दिया।

**प्रश्न 6. मेजिनी कौन था ?**

**उत्तर**–मेजनी इटली में राष्ट्रवादियों के गुप्त दल 'कार्बोनेरी' का सदस्य था। वह सेनापति होने के साथ-साथ, जनतांत्रिक विचारों का समर्थक तथा साहित्यकार भी था। 1830 ई० में नागरिक आंदोलनों द्वारा उसने उत्तरी और मध्य इटली में एकीकृत गणराज्य स्थापित करने का प्रयास किया। किन्तु असफल रहने पर उसे इटली से पलायन करना पड़ा। 1848 ई. में मेटरनिख के पराजय के बाद मेजनी ने पुनः इटली के एकीकरण का प्रयास किया। किन्तु इस बार भी वह असफल रहा और उसे पलायन करना पड़ा।

**प्रश्न संख्या 7 से 8 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। $1 \times 4 = 4$**

**प्रश्न 7. स्वतंत्र भारत में प्रेस की भूमिका पर प्रकाश डालें।**

**उत्तर**–19वीं शताब्दी के पूवार्द्ध में जागरूकता के अभाव के कारण सामान्य जनता से लेकर जमींदारों तक की रुचि राजनीति में नहीं थी। फलतः समाचार पत्रों का वितरण कम था। पत्रकारिता घाटे को व्यापार था। समाचार पत्रों का जनमत पर कोई विशेष प्रभाव नहीं होने के कारण अंग्रेज प्रशासक भी परवाह नहीं करते थे। फिर भी समाचार पत्रों द्वारा न्यायिक निर्णयों में पक्षपात, धार्मिक हस्तक्षेप और प्रजातीय भेदभाव की आलोचना करने से धार्मिक एवं सामाजिक सुधार आंदोलन को बल मिला और भारतीय जनमत जाग्रत हुआ।

1887 ई० के विद्रोह के पश्चात् समाचार पत्रों की प्रकृति विभाजन प्रजातीय आधार पर किया जा सकता है। भारत में दो प्रकार के प्रेस थे–एंग्लो इंडियन प्रेस और भारतीय प्रेस। एंग्लो इंडियन की प्रकृति और आकार विदेशी था। यह भारतीयों में फूट डालो और शासन करो का पक्षधर था। यह दो सम्प्रदायों के बीच एकता के प्रयास का घोर आलोचक था। इसके द्वारा भारतीय नेताओं पर 'राज' के प्रति गैर वफादारी का सदैव आरोप लगाया जाता रहा। एंग्लो इंडियन प्रेस को विशेषाधिकार प्राप्त था। सरकारी खबरें एवं विज्ञापन इसी को दिये जाते थे। सरकार के साथ इसकी घनिष्ठ संबंध था।

भारतीय प्रेस अंग्रेजी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित होते थे। 19वीं से 20वीं सदी में राजा राममोहन राय, सुरेन्द्रनाथ बनर्जी, बाल गंगाधर तिलक, दादा भाई नौरोजी, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गाँधी, मुहम्मद अली, मौलाना आजाद आदि ने भारतीय प्रेस को शक्तिशाली तथा प्रभावकारी बनाया।

**प्रश्न 8. उपनिवेशवाद से आप क्या समझते हैं ? औद्योगीकरण ने कैसे उपनिवेशवाद को जन्म दिया ?**

**उत्तर**–मशीनों के आविष्कार तथा फैक्टरी की स्थापना से उत्पादन में काफी वृद्धि हुई। उत्पादित वस्तुओं की खपत के लिए नए बाजार की आवश्यकता थी। इससे उपनिवेशवाद को बढ़ावा मिला। उपनिवेशवाद में तकनीक रूप से कमजोर देश पर आर्थिक नियंत्रण स्थापित किया जाता है। इसी क्रम में भारत ब्रिटेन के एक विशाल उपनिवेशवाद के रूप में उभरा। संसाधन की प्रचुरता ने उन्हें भारत की तरफ व्यापार करने के लिए आकर्षित किया। भारत ब्रिटेन के लिए एक वृहत् बाजार के रूप में उभरा।

अठारहवीं शताब्दी तक भारतीय उद्योग विश्व में सबसे अधिक विकसित थे। भारत विश्व का सबसे बड़ा कार्यशाला था जो बहुत ही सुन्दर और उपयोगी वस्तुओं का उत्पादन करता था।

1850 ई० के बाद ब्रिटिश सरकार ने अपने उद्योगों को विकसित करने के लिए अनेक ऐसे कदम उठाये जिनकी वजह से इस अवधि में एक के बाद एक देशी उद्योग खत्म होने लगे। ब्रिटिश सरकार द्वारा अपनायी गयी मुक्त व्यापार की नीति की वजह से भारत में निर्मित वस्तुओं पर ब्रिटेन में बिक्री के लिए भारी कर लगा दिया गया। भारत से कच्चा माल निर्यात किया जाने लगा। भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर सीमा शुल्क और परिवहन कर लगाया जाने लगा। धीरे-धीरे ब्रिटिश पूँजी से भारत में कारखानों की स्थापना की जाने लगी। सूती वस्त्रों का आयात भी किया जाने लगा। भारत के कुटीर उद्योग मृतप्राय हो गए। एक तरफ जहाँ मशीनों के आविष्कार ने उद्योग एवं उत्पादन में वृद्धि कर औद्योगीकरण की प्रक्रिया की शुरूआत की थी वहीं भारत में उद्योगों के लिए निरुद्योगीकरण की प्रक्रिया आरम्भ हुई। औद्योगीकरण की इस प्रक्रिया ने उपनिवेशवाद को बढ़ावा दिया।

## राजनीति विज्ञान

**प्रश्न संख्या 9 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो कम उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। $2 \times 2 = 4$**

**प्रश्न 9. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 के विषय में लिखें।**

**उत्तर**–19वीं अनुच्छेद में स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है। यह सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें सप्त अधिकार दिए गए हैं–(क) भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (ख) शान्तिपूर्ण एकत्र होने की स्वतंत्रता (ग) संघ, संस्था के निर्माण की स्वतंत्रता (घ) भारत में संचार वितरण की व्यवस्था (ङ) भारत के किसी भाग में निवास करने की स्वतंत्रता (च) सम्पत्ति अर्जन धारण, व्यय की स्वतंत्रता (छ) जीविका अर्जन की स्वतंत्रता तथा कुछ अन्य अधिकार भी दिए गए हैं।

**प्रश्न 10. राष्ट्रीय राजनीतिक दल किसे कहते हैं ?**

**उत्तर–राष्ट्रीय राजनीतिक दल :** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों के दो स्वरूप देखने को मिलते हैं–एक वैसे सामाजिक दल जिनका अस्तित्व पूरे देश में होता है। इनके कार्यक्रम एवं नीतियाँ राष्ट्रीय स्तर के होते हैं। इनकी इकाइयाँ राज्य स्तर पर भी होती हैं। इन्हें राष्ट्रीय राजनीतिक दल कहते हैं।

**प्रश्न 11. राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के तीन उपायों को संक्षेप में लिखें।**

**उत्तर**–सामान्यतया राजनीतिक दल का आशय ऐसे व्यक्तियों के किसी की समूह से है जो एक समान उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्य करता है।

**राजनीतिक दलों को प्रभावशाली बनाने के तीन उपाय**–(1) राष्ट्रीय विकास के लिए राज्य एवं समाज में एकता स्थापित होना आवश्यक है।

(2) किसी तरह के विवाद उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान कर लेते हैं जिससे राज्य में एकता कायम रहती है।

(3) संकट के समय राजनीतिक दल रचनात्मक कार्य भी करते हैं जैसे प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत कार्य आदि।

**प्रश्न 12. सामाजिक विभाजन से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर**–जाति, धर्म, रंग, क्षेत्र आदि के आधार पर समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा परस्पर गलत व्यवहार करना, आपसी संघर्ष को सामाजिक विभाजन कहते हैं। इसके तीन निर्धारण तत्व हैं–(i) स्वयं की पहचान की चेतना, (ii) विभिन्न समुदायों की माँगों को राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत करने का तरीका तथा (iii) माँगों के प्रति सरकार की सोच। ये तत्व सामाजिक विविधता के विभाजन में बदल देता है।

**प्रश्न 13. राजनीतिक दल लोकतंत्र में क्यों आवश्यक है ?**

**उत्तर**–राजनीतिक दल लोकतन्त्र में निम्न कारणों से आवश्यक हैं :

(क) लोकतन्त्र में सरकार का निर्माण बहुमत के आधार पर होता है। राजनीतिक दलों के बिना लोकतन्त्र में सरकार का निर्माण सम्भव नहीं है।

(ख) राजनीतिक दल जनमत के निर्माण में सहायक हैं तथा जनता में जागरूकता बढ़ाने में सहायक हैं।

(ग) राजनीतिक दल सरकार व जनता के मध्य कड़ी का कार्य करते हैं।

(घ) विरोधी दल के रूप में ये सरकार की मनमानी पर रोग लगाते हैं।

**प्रश्न 14. सांप्रदायिक क्या है ?**

**उत्तर**–साम्प्रदायिकता ऐसी भावना है जो धर्म अथवा धार्मिक पहचान के आधार पर गैर-धार्मिक हितों-राजनीतिक अथवा आर्थिक-की प्राप्ति का समर्थन करती है। साम्प्रदायिकता समाज को धर्म के आधार पर बांटती है।

**निर्देश :–प्रश्न संख्या 15 एवं 16 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किसी एक का उत्तर दें ? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। $1 \times 4 = 4$**

**प्रश्न 15. लोकतंत्र किस तरह उत्तरदायी एवं वैध सरकार का गठन करता है ?**

**उत्तर**–लोकतंत्र किस प्रकार के लोगों के प्रति उत्तरदायी है और किस हद तक वैध है इसकी जाँच के लिए निम्न तथ्यों को देखा जा सकता है–

(i) क्या लोकतंत्र में लोगों को चुनावों में भाग लेने और अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अधिकार है ?

(ii) क्या चुनी हुई सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने से प्रभावी हो पाती है ?

(iii) क्या सरकार द्वारा फैसले शीघ्र लिए जाते हैं और फैसले कितने जनकल्याणकारी होते हैं ?

उपर्युक्त सवालों के संदर्भ में लोकतंत्र का यदि मूल्यांकन करें तो हम देखते हैं कि लोग चुनाव में भाग लेते हैं। अपने प्रतिनिधियों को चुनने का कार्य करते हैं किन्तु यह देखा जाता है कि आर्थिक एवं सामाजिक दृष्टि से मजबूत लोगों का दबदबा रहता है। बावजूद इसके कि जनता में जागरूकता की वृद्धि एवं व्यापक प्रतिरोध से लगातार सुधार की संभावना बनी रहती है। शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण आज लोग अपने मताधिकार का बढ़-चढ़कर उपयोग कर रहे हैं। यों भारतीय लोकतंत्र के ढांचागत स्वरूप में कोई बुनियादी परिवर्तन नहीं हुआ है किन्तु लोगों का लोकतंत्र के प्रति आस्था बढ़ा है। आज लोग सिर्फ मताधिकार का ही प्रयोग नहीं कर रहे हैं बल्कि सरकार की निर्णय प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यही कारण है कि सरकार को जनता के प्रति उत्तरदायी बनाना पड़ता है क्योंकि इसे जनता द्वारा नकारने का खतरा बरकरार रहता है।

**प्रश्न 16. नगर-निगम के प्रमुख कार्यों का वर्णन करें।**

**उत्तर–नगर निगम के प्रमुख कार्य निम्न हैं : (i) प्रशासन संबंधी :** जीवन-मरण का पंजीकरण, बाजार का निर्माण, सार्वजनिक स्मारकों की रक्षा।

(ii) **सार्वजनिक कार्य :** नालियों, शौचालयों, जलापूर्ति, पुलों का निर्माण आदि।

(iii) **जल-सुरक्षा कार्य :** शहर की गंदगी से, पालन, जानवरों, आगलगी आदि से बचाना।

(iv) **जन-स्वास्थ्य के कार्य :** संक्रामक रोगों से रोकथाम, टीका लगवाना, अस्पताल का प्रबंधन आदि।

(v) **शिक्षा एवं संस्कृति संबंधी कार्य :** प्राथमिक शिक्षा, कला केन्द्र, पुस्तकालय का प्रबंध।

(vi) **जन-कल्याण संबंधी कार्य :** धर्मशाला, अनाथालय, मातृ-शिशु कल्याण केन्द्र आदि।

(vii) **मनोरंजन संबंधी कार्य :** सिनेमा, जलपान गृह दुग्धशाला, यातायात आदि।

## अर्थशास्त्र

**प्रश्न संख्या 17 से 20 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। 2 × 2 = 4**

**प्रश्न 17. सहकारिता की परिभाषा लिखें।**

**उत्तर–सहकारिता :** सहकारिता का अर्थ है 'एक साथ मिलजुल कर कार्य करना।' लेकिन अर्थशास्त्र में इस शब्द का प्रयोग अधिक व्यापक अर्थ में किया जाता है। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्वक मिलजुल कर समान स्तर पर आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं।

**प्रश्न 18. आर्थिक सुधारों या नई आर्थिक नीति की तीन विशेषताएँ लिखें।**

**उत्तर–आर्थिक सुधार :** भारत में आर्थिक सुधारों का मतलब उन नीतियों से है जिनका आरम्भ 1991 से अर्थव्यवस्था में कुशलता, उत्पादकता, लाभदायकता एवं प्रतियोगिता की शक्ति के स्तरों में वृद्धि करने के दृष्टिकोण से किया गया है। ये सुधार उदारीकरण, निजीकरण तथा वैश्वीकरण की नीतियों पर आधारित है। अतः इन्हें LPG नीति भी कहते हैं।

**प्रश्न 19. बाह्यस्त्रोती (outsourcing) किसे कहते हैं ?**

**उत्तर–बाह्यस्त्रोती** (Outsourcing) : जब बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ या अन्य कंपनियाँ संबंधित नियमित सेवाएँ स्वयं अपनी कंपनियों के बजाय निजी बाहरी या विदेशी स्त्रोत या संस्था या समूह में प्राप्त करती है तो उसे बाह्य स्त्रोत कहा जाता है।

**प्रश्न 20. आर्थिक आधारभूत संरचना का क्या महत्त्व है ?**

**उत्तर**–आर्थिक आधारभूत संरचना का तात्पर्य है, वह सुविधा और सेवा जो किसी देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके अंतर्गत देश में उपस्थित सेवाएँ यथा ऊर्जा, परिवहन, दूरसंचार, बैंकिंग प्रणाली इत्यादि आती हैं। किसी देश की आर्थिक उन्नति इनके विकास पर ही निर्भर करती है। जिस देश की आधारभूत संरचना जितनी विकसित होगी, उस देश की समृद्धि भी उसी के अनुपात में बढ़ेगी।

**निर्देश :–प्रश्न संख्या 21 एवं 22 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक का उत्तर दें? प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। 1 × 4 = 4**

**प्रश्न 21. आर्थिक नियोजन किसे कहते हैं? नियोजन के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?**

**उत्तर–आर्थिक नियोजन :** एक समयबद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत पूर्व निर्धारित सामाजिक एवं आर्थिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए अर्थव्यवस्था में उपलब्ध संसाधनों का नियोजित समन्वय एवं उपयोग करना है।

**उद्देश्य :** आर्थिक नियोजन का अर्थ राष्ट्र प्राथमिकताओं के अनुसार देश के संसाधनों का विभिन्न विकासात्मक क्रियाओं में प्रयोग करना है। भारत में आर्थिक का श्रेय नियोजन को दिया जाता है। भारत में नियोजन का मुख्य उद्देश्य विकास की दर को बढ़ाना, कृषि व उद्योग का आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भर व सामाजिक न्याय है।

**प्रश्न 22. व्यावसायिक बैंकों के मुख्य कार्यों की विवेचना करें।**

**उत्तर**–व्यावसायिक बैंकों के प्रमुख कार्य निम्नलिखित हैं–

(i) **जमा राशि को स्वीकार करना :** व्यावसायिक बैंक का सबसे महत्वपूर्ण कार्य अपने ग्राहकों से जमा के रूप में मुद्रा प्राप्त करना है। बैंक जमा राशि के आधार पर कर्ज देकर लाभ कमाते हैं।

(ii) **ऋण प्रदान करना :** व्यावसायिक बैंक का दूसरा मुख्य कार्य लोगों को ऋण प्रदान करना है। बैंक से पास जो रुपया जमा के रूप में आता है उसमें से एक निश्चित राशि नकद कोष में रखकर बाकी रुपया बैंक द्वारा दूसरे व्यक्तियों को कर्ज देती है। ये बैंक प्रायः उत्पादक कार्यों के लिए ऋण देते हैं तथा उचित जमानत की मांग करते हैं। व्यावसायिक बैंक निम्न प्रकार से ऋण प्रदान करते हैं–अभियाचित एवं अल्पकालीन ऋण, नकद साख अधिविकर्ष, विनिमय बिलों का भुगतान, ऋण एवं अग्रिम।

(iii) **सामान्य उपयोगिता संबंधी कार्य :** इसके अतिरिक्त व्यावसायिक बैंक अन्य बहुत से कार्यों को भी सम्पन्न करते हैं जिन्हें सामान्य उपयोगिता संबंधी कार्य कहा जाता है। जैसे–यात्री चेक एवं साख प्रमाण पत्र जारी करना, लॉकर की सुविधा, ATM एवं क्रेडिट कार्ड, सुविधा, व्यापारिक सूचनाएँ एवं आँकड़े एकत्रीकरण करना आदि।

(iv) **एजेन्सी संबंधी कार्य :** वर्तमान समय व्यावसायिक बैंक ग्राहकों की एजेन्सी के रूप में सेवा करते हैं। इसके अन्तर्गत चेक, बिल व ड्राफ्ट का संकलन, ब्याज तथा लाभांश का संकलन तथा विवरण, ब्याज, ऋण की किस्त बीमे की किस्त का भुगतान, प्रतिभूति का क्रय-विक्रय तथा ड्राफ्ट तथा डाक द्वारा कोष का हस्तांतरण आदि क्रियाएँ करते हैं।

## भूगोल

**प्रश्न संख्या 23 से 28 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्हीं तीन का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। 3 × 2 = 6**

**प्रश्न 23. व्यापारिक कृषि एवं निर्वाहक कृषि में अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर–व्यापारिक कृषि :** व्यापारिक दृष्टिकोण से की जानेवाली कृषि व्यापारिक कृषि कही जाती है। इस कृषि में अत्याधुनिक कृषि तकनीक, रासायनिक खाद में परिष्कृत बीज, सिंचाई, कीटनाशक आदि का उपयोग किया जाता है।

**परंपरागत कृषि :** परंपरागत तरीकों जैसे–हल, बैल, कुदाल आदि की सहायता से की जानेवाली कृषि जिसमें फसल उत्पादन जीविका निर्वाह के लिए किया जाता है, निर्वाहक कृषि कहलाती है। इस कृषि पर जनसंख्या का बोझ अधिक होता है एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग लगभग शून्य होता है।

**प्रश्न 24. मुम्बई हाई तेल उत्पादक क्षेत्र का परिचय दें।**

**उत्तर–मुम्बई हाई तेल उत्पादक क्षेत्र :** मुम्बई तट से 176 किमी दूर मुम्बई हाई क्षेत्र भी एक महत्वपूर्ण तेल क्षेत्र है जिसकी खोज 1973 में की गई थी। देश के कुल उत्पादन का 63% तेल की आपूर्ति इसी क्षेत्र से होती है।

**प्रश्न 25. 'हरित क्रांति' से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर–हरित क्रान्ति :** भारत में अधिक अन्न उत्पादन के लिए उन्नत बीज, रासायनिक उर्वरक कीटनाशकों, सिंचाई के साधनों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस कारण फसलों की उत्पादकता काफी बढ़ी। गेहूँ जैसे खाद्यान्न उत्पादन में तो गुणात्मक रूप में वृद्धि हुई। कृषि के क्षेत्र की यह क्रांति हरित क्रांति के नाम से जानी जाती है।

**प्रश्न 26. नदी घाटी परियोजनाओं को बहुद्देशीय परियोजना क्यों कहा जाता है ?**

**उत्तर**–नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्य सिंचाई, बिजली उत्पादन, बाढ़ नियंत्रण, मत्स्य पालन, मृदा संरक्षण आदि हैं। अतः नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्य निम्न हैं–(i) ऊर्जा का उत्पादन-ये बहुउद्देशीय परियोजनाएँ हमें साफ, प्रदूषण मुक्त तथा सबसे सस्ती ऊर्जा प्रदान करती हैं जो उद्योग तथा कृषि के लिए रीढ़ की हड्डी है। (ii) ये मृदा संरक्षण करती हैं क्योंकि ये जल के बहाव को धीमा कर देती हैं। (iii) ये परियोजनाएँ सिंचाई के प्रमुख स्त्रोत हैं। (iv) इसका उद्देश्य नदी बेसिन में वृक्षारोपण है। (v) इसका उद्देश्य जल परिवहन की सुविधा का विकास करना है। (vi) इसके माध्यम से वन्य जीव संरक्षण तथा मत्स्य पालन संभव है। (vii) इसका उद्देश्य पीने के लिए पानी की सुविधा प्रदान करना है।

**प्रश्न 27. बिहार के किस भाग में सिंचाई की आवश्यकता है और क्यों ?**

**उत्तर–**बिहार की कृषि मॉनसून पर निर्भर है। बाढ़ और सुखाड़ यहाँ की नियति है, यहाँ सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं है। यहाँ सकल भूमि के मात्र 46 प्रतिशत पर ही सिंचाई हो पाती हैं, शेष भाग सिंचाई से वंचित रह जाता है। अतः बिहार में सभी भागों में सिंचाई की आवश्यकता है। यहाँ चार फसलें-भदई, अगहनी, रबी एवं गरमा लगाई जाती है। यहाँ की अधिकतर नदियाँ विनाशकारी बाढ़ के लिए प्रसिद्ध हैं। अतः यहाँ नहरों का जाल बिछाकर बाढ़ पर काबू पाया जा सकता है एवं साथ-साथ सिंचाई की भी व्यवस्था की जा सकती है। बिहार की बढ़ती जनसंख्या के लिए अन्नोत्पादन हेतु सिंचाई की आवश्यकता है।

**प्रश्न 28. कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र क्यों प्रसिद्ध है ?**

**उत्तर–**महाराष्ट्र प्रदेश की मिट्टी काली या रेगुड़ मिट्टी है जो कपास के उत्पादन के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। समुद्री नम जलवायु, कुहासा रहित दिन, पर्याप्त जल धारण क्षमता, और स्थानीय माँग कपास के उत्पादन को बढ़ावा देती है। ये सारी सुविधाएँ महाराष्ट्र में उपलब्ध हैं, जिससे यह देश का सबसे बड़ा कपास उत्पादक राज्य बन गया है। अतः कपास के उत्पादन में महाराष्ट्र प्रसिद्ध है।

**निर्देश–प्रश्न संख्या 29 से 30 तक दीर्घ उत्तरीय कोटि के प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं 1 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।** $1 \times 4 = 4$

**प्रश्न 29. नई औद्योगिक नीति के मुख्य बिन्दुओं का वर्णन करें।**

**उत्तर–नयी औद्योगिक नीति :** औद्योगिक विकास में तेजी लाने के लिए नयी औद्योगिक नीति के तहत औद्योगिकीकरण और पूँजी निवेश के लिए उचित वातावरण तैयार किया जायगा। इसके अलावे उच्च कोटि की उद्यमिता सृजन और प्रोत्साहन, आधारभूत संस्थान का विकास, निर्यातोन्मुखी इकाइयों का विकास, बायोटेक्नोलॉजी और फूड प्रोसेसिंग के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, लघु कुटीर और हथकरघा एवं हस्तशिल्प के विपणन की व्यवस्था एवं विकास, प्रदूषण मुक्त वातावरण और औद्योगिक संभावनाएँ तथा विकास से संबद्ध आँकड़ों के संकल्प की व्यवस्था करना, उन्नत तकनीक और गुणवत्ता के सुधार के लिए अनुसंधान, उद्योगों के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को संभव बनाना, रुग्न एवं बंद इकाइयों की पहचान कर समय पर आवश्यक उपाय करना, जिला स्तर पर अनुश्रवण प्रणाली विकसित कर रुग्णता रोकने का प्रयास करना शामिल है।

**प्रश्न 30. गेहूँ उत्पादन हेतु मुख्य भौगोलिक दशाओं का उल्लेख करते हुए भारत के गेहूँ उत्पादक क्षेत्रों के नाम लिखें।**

**उत्तर–**गेहूँ एक समशीतोष्ण कटिबंधीय है लेकिन विशेष गुण के कारण यह संसार में अधिक देशों में पैदा किया जाता है। गेहूँ भारत की दूसरी प्रमुख फसल है। भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है। यहाँ विश्व के कुल गेहूँ का लगभग 8% उत्पादन होता है। शीतित शीतऋतु और ऊष्ण ग्रीष्म गेहूँ के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। गेहूँ बोते समय तापमान $10^\circ$ से $15^\circ C$ तथा पकने के समय $20^\circ$ से $28^\circ C$, 50 cm से 75 cm वर्षा, हल्की दोमट या गहरे रंग की मटियार मिट्टी, समतल भूमि तथा श्रमिक एवं मशीनें आवश्यक हैं। इसे खाद्यान्नों के अन्तर्गत बोयी गयी भूमि में लगभग 11% भाग पर बोया जाता है।

**उत्पादन क्षेत्र :** उत्तर-पश्चिम में गंगा-सतलुज का मैदान और दक्कन का काली मिट्टी का क्षेत्र। इसके अलावे पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र आदि में खेती की जाती है। सिंचाई रासायनिक उर्वरकों एवं उन्नतशील बीजों का प्रयोग आदि की प्रमुख भूमिका है।

## आपदा प्रबंधन (DISSASTER MANAGEMENT)

**निर्देश–प्रश्न संख्या 31 से 34 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है ? इनमें से किन्हीं दो का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।** $2 \times 2 = 4$

**प्रश्न 31. भूकम्प के केन्द्र एवं अधिकेन्द्र में अन्तर स्पष्ट करें।**

**उत्तर–**भूकम्प का वह भाग जहाँ चट्टान टूटने की प्रक्रिया आरम्भ होती है, भूकम्प का केन्द्र (focus) कहलाता है। भूकम्प-केन्द्र ही भूकम्प का उत्पत्ति स्थान (point of origin) है।

भूकम्प केन्द्र से धरती पर अनुलम्ब, भूकम्प अधिकेन्द्र (epicentre) कहलाता है। भूकम्पीय तरंगों का पहला झटका अधिकेन्द्र पर ही लगता है। अधिकेन्द्र से जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है वैसे-वैसे भूकम्प का प्रभाव घटता जाता है।

**प्रश्न 32. बिहार में बाढ़ की स्थिति का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–**2008 ई. में भारत-नेपाल की सीमा पर कुशहा के पास तटबंध के टूटने से आई बाढ़ ने कोसी नदी की धारा ही बदल दी थी। अतः कोसी नदी को बिहार का शोक कहा जाता है। बिहार में कोसी नदी समय-समय पर भयंकर बाढ़ की समस्या बन चुकी है। गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती आदि नदियों में बाढ़ की समस्या बिहार के लिए एक विकराल समस्या है जो हर वर्ष बिहार के उत्तरी तथा दक्षिणी मैदानी भागों में तबाही मचाती है। लगभग प्रत्येक वर्ष बाढ़ का कहर बिहार पर टूटता है। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण, पूर्णिया, सहरसा, मधेपुरा आदि जिले मुख्य रूप से बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्र हैं। यहाँ जून से सितम्बर तक मानसूनी वर्षा होती है। इसके कारण नदियों की जल-धारण क्षमता से अधिक जल आसपास के शहर, गाँव खेत आदि में फैल जाता है।

**प्रश्न 33. भूकम्प क्या है ? इससे बचाव के किन्हीं दो उपायों का उल्लेख करें।**

**उत्तर–भूकम्प :** पृथ्वी के आंतरिक भागों में अचानक उत्पन्न कम्पन को भूकम्प कहते हैं।

**भूकम्प से बचने के उपाय–**भूकम्प एक प्राकृतिक आपदा है जिसके घटित होने से विकास का कार्य अवरुद्ध हो जाता है तथा अधिक मात्रा में जान-माल का नुकसान होता है। अतः इसके बचाव हेतु निम्न उपाय किये जाने चाहिए–

(i) भूकम्प का पूर्वानुमान से संबंधित यंत्र का विकास कर लोगों को पहले ही सूचित करना चाहिए।

(ii) भूकम्प क्षेत्रों में भूकम्प निरोधी मकानों का निर्माण किया जाना चाहिए।

(iii) भूकम्प क्षेत्र में निवास करने वालों को विशेष प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

(iv) भूकम्प के दौरान खुले मैदानी क्षेत्रों में रहना चाहिए।

(v) सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के द्वारा राहत कार्य किया जाना चाहिए।

(vi) विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर छात्रों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

**प्रश्न 34. आग-आपदा के समय कौन-से उपाय करना चाहिये ?**

**उत्तर–**आग लगने की स्थिति में प्रबन्धन की तीन बड़ी जिम्मेवारियाँ होती हैं–

(i) आग में फँसे हुए लोगों को बाहर निकालना।

(ii) घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार, जैसे–(क) सबसे पहले उसके शरीर पर ठंडा पानी डालना, (ख) बर्फ से सहलाना तथा (ग) बरनोल जैसी प्राथमिक औषधि का उपयोग करना। प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे अस्पताल पहुँचाना।

(iii) आग के फैलाव को रोकना, जिसके लिए नजदीक में उपलब्ध बालू, मिट्टी तथा यदि निकट में तालाब हो तो उसके जल का उपयोग कर आग बझाने का प्रयास करना। झुग्गी-झोपड़ी को उखाड़ फेंकना तथा विद्युत लाइन को विच्छेदित करना परमावश्यक है। इसके साथ ही अग्नि शासम दल को तत्काल बुलाना चाहिए।